


संख्या - 24
मई, 2025


# अकादमी न्यूज़

## डॉ० आर० एस० टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल


**संरक्षक**

बी० पी० पाण्डेय, महानिदेशक
आर० डी० पालीवाल, अपर निदेशक

**सम्पादक**

डॉ० महेश कुमार, संयुक्त निदेशक

**प्रारूप**

आनन्द कुमार

**सहयोग**

ऋचांशु शर्मा, उप निदेशक (वित्त)
मनोज कुमार, योगेश कुमार


### हमारा ध्येय

हम लोक सेवकों, व्यावसायिकों, विकास कार्मिकों एवं जन–प्रतिनिधियों में कुशल कार्य निष्पादन हेतु क्षमता विकास का कार्य करते हैं।

### हमारी संकल्पना

हम लोक प्रशासन एवं विकास में संलग्न संस्थाओं एवं व्यक्तियों के क्षमता विकास के क्षेत्र में (प्रशिक्षण एवं परामर्श) सेवाएँ प्रदान करने वाली एक आत्मनिर्भर, अग्रणी एवं उत्कृष्ट संस्था बनने की संकल्पना करते हैं।

## Direct Trainer Skills (DTS)



अकादमी में दिनांक 05 से 09 मई, 2025 के मध्य भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा प्रायोजित 05 दिवसीय डायरेक्ट ट्रेनर स्किल्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों एवं विभागों में तैनात प्रशिक्षकों तथा ऐसे कार्मिकों हेतु निर्धारित है, जिनके द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने का कार्य किया जाता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण का व्यवस्थित दृष्टिकोण, सीखने के प्रकार तथा प्रशिक्षण की मुख्य 04 विधाओं यथा कोचिंग, लेक्चर, समूह चर्चा व समूह गतिविधि को सम्मिलित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त 04 प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करते हुए प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान को

व्यावहारिक रूप से अभ्यास करने का भी अवसर प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के विभिन्न विभागों/संस्थाओं के कुल 24 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## Design of Training (DoT)



अकादमी में दिनांक 19 से 23 मई, 2025 के मध्य भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा प्रायोजित 05 दिवसीय डिज़ाइन ऑफ ट्रेनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के विभिन्न विभागों/संस्थाओं के कुल 12 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों एवं विभागों में तैनात प्रशिक्षकों तथा ऐसे कार्मिकों हेतु निर्धारित है, जिनके द्वारा प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करने का दायित्व रहता है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों के प्रशिक्षण मॉड्यूल के संबंध में ज्ञान एवं कौशल के विकास हेतु प्रयास किया जाता है, जिस क्रम में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संगठन में कार्य–निष्पादन समस्याओं का चिह्नीकरण, प्रशिक्षण लक्ष्य व उद्देश्य का निर्धारण, विषयों का चयन, दिवसवार कार्यसारणी का निर्माण, प्रशिक्षण विधियों का चिह्नीकरण, प्रशिक्षकों का चयन, पाठ्य सामग्री का चयन व निर्माण, आवश्यक संसाधन की व्यवस्था तथा वित्तीय लागत इत्यादि को सम्मिलित किया गया। प्रशिक्षण पश्चात् समस्त प्रतिभागियों द्वारा एक प्रोजेक्ट कार्य के रूप में अपने कार्य–क्षेत्र से संबंधित प्रशिक्षण मॉड्यूल को डिज़ाइन किया जाना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करते हुए प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहारिक रूप में अभ्यास करने का भी अवसर प्रदान किया गया।

## Training on Right to Information Act 2005



डॉ. आर. एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत अपीलीय अधिकारियों/लोक सूचना अधिकारियों/सहायक लोक सूचना अधिकारियों हेतु तीन दिवसीय Training Programme on Right to Information Act 2005 विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 19 से 21 मई, 2025 तक की अवधि में किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न जनपदों एवं विभागों से 44 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे अधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत विभिन्न विषयों पर जानकारियां प्रदान की गई।

सामान्य प्रशासन विभाग, उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या 345/XXXI(15)G/2025, 49 (सा0)/2020, दिनांक 25 फरवरी, 2025 के क्रम में डॉ0 आर0 एस0 टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल एवं पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण एवं

अनुसंधान केन्द्र, सिद्धोवाला, देहरादून को सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 4 के अन्तर्गत लोक प्राधिकारियों द्वारा विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई सूचनाओं एवं सूचना का अधिकार संबंधी मैनुअलों का Third Party Audit करने का दायित्व सौंपा गया है।

उपरोक्त के क्रम में 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत धारा 4 के अन्तर्गत लोक प्राधिकारियों द्वारा विभागीय वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई सूचनाओं एवं लोक प्राधिकरणों द्वारा सूचना का अधिकार संबंधी मैनुअलों को बनाये जाने तथा उनके Third Party Audit किये जाने संबंधी महत्त्वपूर्ण जानकारियां भी प्रदान की गई।

## Training Need Analysis (T.N.A.)



अकादमी में डी.ओ.पी.टी., भारत सरकार की ओर से प्रायोजित राष्ट्रीय स्तर का T.N.A. विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 12 से 17 मई, 2025 के मध्य किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड तथा बाहरी राज्यों से लगभग 15 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम ऐसे विभागों/संस्थानों/अधिकारियों हेतु महत्वपूर्ण है जिनके द्वारा समय–समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। प्रशिक्षणों हेतु आवश्यकता आंकलन के संदर्भ में उक्त कार्यक्रम विस्तृत कौशल प्रदान करता है। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में डी.ओ.पी.टी. द्वारा नामित मास्टर ट्रेनर द्वारा वार्ताएं प्रदान की गयी।

## Psychological Impacts of Natural Disaster: Implications for Disaster Mental health and Trauma



आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 15–17 मई 2025 की अवधि में "Psychological Impacts of Natural Disaster: Implications for Disaster Mental health and Trauma" विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अकादमी, नैनीताल में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों का आपदाओं के दृष्टिगत् मनोवैज्ञानिक प्रभाव एवं मानसिक स्वास्थ्य हेतु एकीकृत प्रतिक्रिया तथा स्वास्थ्य तैयारियों के सम्बन्ध में ज्ञानवर्धन करना था, जिससे कि आपात स्थितियों हेतु प्रतिक्रिया तंत्र मजबूत हो सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड राज्य से कुल 25 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## "Mainstreaming Disaster Risk Reduction & Climate Change Adaptation Measures into Development Planning"



आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 28–29 मई 2025 की अवधि में "Mainstreaming Disaster Risk Reduction & Climate Change Adaptation Measures into Development Planning" विषयक राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला का आयोजन अकादमी, नैनीताल में किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन और आपदा जोखिम न्यूनीकरण को राज्य व जिला स्तरीय नियोजन प्रक्रिया में शामिल करने के सम्बन्ध में राज्यों में वर्तमान gaps व चुनौतियों की पहचान कर उन पर विचार विमर्श करना था। कार्यशाला का शुभारम्भ श्री बी०पी० पाण्डेय, महानिदेशक डॉ० आर. एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल, डॉ० शान्तनु सरकार, निदेशक, उत्तराखण्ड भूस्खलन शमन एवं प्रबन्धन केन्द्र (ULMMC), देहरादून, प्रो० संतोश कुमार, सी.ई.ओ., अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा एवं संरक्षा प्रबन्धन संस्थान (IISSM), नई दिल्ली, पद्म श्री डॉ० शेखर पाठक, प्रोफेसर (से.नि.), कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल तथा प्रो० सूर्य प्रकाश, विभागाध्यक्ष, भू–मौसम विज्ञान जोखिम प्रबन्धन विभाग (GMRD), राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन संस्थान, नई दिल्ली की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस कार्यशाला में कुल 06 राज्यों (उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, त्रिपुरा, मेघालय, उत्तर प्रदेश व दिल्ली) के विभिन्न विभागों जैसे– आपदा प्रबन्धन, राजस्व, वन विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति, ग्रामीण निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, जल संस्थान, शिक्षा विभाग, पुलिस, अग्निशमन सेवा, एस.डी.आर.एफ., रेड क्रॉस तथा एन.जी.ओ. के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभागिता की गई, जिसमें वार्ताकारों तथा प्रतिभागियों सहित कुल संख्या 119 रही।

## Outreach Training Programme 'Child Rights and Safety'



डॉ0 आर0 एस0 टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल द्वारा एक–एक दिवसीय उत्तराखण्ड ''बाल अधिकार एवं सुरक्षा'' विषयक जन जागरूकता एवं संवेदीकरण सुदूरवर्ती कार्यशालाओं का आयोजन जनपद अल्मोड़ा एवं बागेश्वर में किया।

उक्त कार्यशालाओं में उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता, भारतीय न्याय सहिंता, भारतीय नागरीक सुरक्षा संहिता एवं बालकों की नशे से सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, साईबर सुरक्षा, शारीरिक मानसिक एवं यौन शोषण से सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों को सम्मिलित किया गया एवं विद्यार्थियों से प्रशिक्षण,

The main aim of education should be to develop character, mental strength, and a spirit of philanthropy. **– Swami Vivekananda**

प्रश्नोत्तर एवं चर्चा के माध्यम से जानकारी साझा की गयी। प्रथम कार्यशाला का आयोजन राजकीय कन्या इण्डर कालेज, अल्मोड़ा में दिनाक 16 मई, 2025 को किया गया जिसमें 176 उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा चिन्हित हितधारकों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं द्वितीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 17 मई, 2025 को विकास भवन बागेश्वर में किया गया जिसमें कुल 202 हितधारकों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## "Learning-cum-Exposure Visit for Officers of Bihar Govt."



The Centre for Good Governance, DRST UAoA has organized a training program for officers of "Bihar Institute of Public Administration and Rural Development" during 05 to 10 May, 2025. The participant officers were provided comprehensive learning experience through a combination of classroom lectures, workshops, field visit and interactive sessions with different stakeholders. One of the key focuses of the program has been on understanding the socio-economic, geographic and environmental status of the State of Uttarakhand.

The participants delve into the state's rich history, cultural heritage and unique geographical features, gaining insights that can be applied to administrative contexts of the state of Bihar Additionally the participants were given an opportunity to know about tourism development and management in Uttarakhand state with special emphasis on religious tourism, ecotourism and adventure tourism. Moreover, aspects related to bio-diversity, forest and wildlife management were also covered. The participants also learnt effective administrative procedures financial management practices and innovative approaches to public service delivery. Total 83 Participants participated in these training programs.

## Training on Statistical Applications in Policy Formulation for Effective Decision Making



The Centre for Good Governance, DRST UAoA has organized a "Training Programme on Statistical Applications in Policy Formulation for Effective Decision Making for Economics and Statistics Officer Uttar Pradesh" during 12 to 17 May, 2025. The participant officers were provided comprehensive learning experience through a combination of classroom lectures, workshops, field visit and interactive sessions with different stakeholders.

The primary objective of this training program was to improve the statistical capacity and operations of state statistical systems to collect, compile, and disseminate reliable official statistics. The program also seeks to empower officers with expertise in survey design, research methodology, sample selection, and data collection techniques to ensure data quality and reliability. Total 36 Participants participated in these training programs.

## "Urban Infrastructure Financing"




The State Institute of Urban Development (SIUD), Dr. Raghunandan Singh Tolia Uttarakhand Academy of Administration, conducted a three-day training program on "**Urban Infrastructure Financing**" from 15th to 17th May, 2025 at Uttarakhand Sheep and Wool Development Board, Dehradun. A total of 24 participants from various Urban Local Bodies & parastatal organisations participated in the program to build the capacity in understanding and applying various tools, strategies, and institutional mechanisms for financing infrastructure.

**Programme Objective:**

- Enhancing the capacity of ULBs to plan, evaluate, and execute infrastructure projects using appropriate financial tools.
- Exploring funding through PPPs, externally aided projects (e.g., ADB, World Bank), and asset monetization frameworks.
- Promoting innovative approaches including value capture financing, municipal credit rating, and user-based cost recovery mechanisms.

## "Gender Equity, Persons with Disabilities and Social Inclusion"



The Urban Development Cell, CGG, Dr. Raghunandan Singh Tolia, Uttarakhand Academy of Administration conducted a two-day training program on "**Gender, Equity, Persons with disabilities and social inclusion"** from 20-21 May, 2025 in Academy. The Programme was sponsored by National Institute of Urban Affairs and conducted as a part of Sanitation Capacity Building Platform (SCBP). A total of 33 participants from Urban Local Bodies and parastatal organisation participated in the programme. Gender Equality, Disability, and Social Inclusion (GEDSI) are foundational to the success of urban development and sanitation efforts.

**Programme Objective:**

- To strengthen ability to identify exclusion, apply a GEDSI lens across planning and service delivery, and build cities that work for all.

"Education is not preparation for life; education is life itself." **—John Dewey**

- To understand fundamental GEDSI concepts, explore how GEDSI intersects with urban sanitation, and understand national and international commitments that inform inclusive practice.
- To examine tools, approaches, and real-life examples that show how inclusive sanitation is not just a vision—it is a set of actionable practices that lead to better outcomes for everyone.

## "Leadership Development in Forest Management"



The Urban Development Cell, CGG, Dr. Raghunandan Singh Tolia, Uttarakhand Academy of Administration conducted a One Week Compulsory Training Course for the Officers of Indian Forest Service on **"Leadership Development in Forest Management"** from 26th to 30th May, 2025 in the Academy. The Programme was sponsored by Ministry of Environment, Forest and Climate Change, (MoEF&CC). A total of 17 participants from Forest Department across India participated in the programme. Developing leadership skills among forest personnel is critical for handling their domain-specific, behavioral, and functional responsibilities, and it must be prioritized by all stakeholders involved in sustainable forest management.

**Programme Objective:**

- Lead forest management initiatives effectively.
- Address the dynamic challenges in forest ecosystems and biodiversity conservation.
- Foster collaboration among stakeholders for sustainable forest management.
- Innovate and implement strategies to balance conservation with developmental needs.

## Training Events June, 2025

| S.N. | Name of the Training Programme | From | To | Course Director |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 56th Induction Training Programme for JE's of PWD | 12.05.2025 | 10.06.2025 | Poonam Pant |
| 2. | 23rd Professional Course for IAS Probationary Officers of Uttarakhand Cadre | 26.05.2025 | 16.07.2025 | V.K. Singh |
| 3. | Evaluation of Training (EoT) (State) | 02.06.2025 | 07.06.2025 | Dr. Om Prakash |
| 4. | Training Programme for Economic and Statistical Officer of UP | 02.06.2025 | 07.06.2025 | Dr. Anil Kumar Mishra |
| 5. | ToT for DPO's and CDPO's : WECD | 03.06.2025 | 06.06.2025 | Dr. Anil Kumar Mishra |
| 6. | Experiential Learning Tools (ELT) | 09.06.2025 | 13.06.2025 | Poonam Pathak |
| 7. | Landslide and Safe Hill Areas Practices in Uttarakhand | 09.06.2025 | 11.06.2025 | Dr. Om Prakash/ Dr. Manju Pandey |
| 8. | Office Management | 09.06.2025 | 11.06.2025 | Kruti Barpete |
| 9. | Uniform Civil Code | 11.06.2025 | 13.06.2025 | Poonam Pathak |
| 10. | Faecal Sludge (Septage) Management (FSSM) | 11.06.2025 | 13.06.2025 | Shreshtha Sachdeva |
| 11. | 3rd Special Induction Course for Junior Engineers for Awas Department | 16.06.2025 | 02.07.2025 | Dr. Anil Kumar Mishra/ Ragini Tewari |
| 12. | DTS (State) | 16.06.2025 | 20.06.2025 | Dr Mahesh Kumar |
| 13. | Urban agenda 2030 and Sustainable Development Goals (SIUD) | 16.06.2025 | 18.06.2025 | Manoj Pande |
| 14. | NIPCCD (National Institute of Public Cooperation and Child Development) | 16.06.2025 | 17.06.2025 | Dr. Anil Mishra |
| 15. | Evaluation of Training (EoT) (State Level) | 23.06.2025 | 27.06.2025 | Richanshu Sharma |
| 16. | Urban Infrastructure Resilience: Focus on Earthquakes, Fires and Urban Flooding | 27.06.2025 | 28.06.2025 | Dr. Om Prakash/ Dr. Manju Pandey |
| 17. | Leadership Development Programme | 26.06.2025 | 28.06.2025 | Dr. Mahesh Kumar |
| 18. | Registration of Birth & Death Act 1969 and CRS Portal | 30.06.2025 | 02.06.2025 | Poonam Pathak |
| 19. | "Sevottam : Towards Digital Service Delivery & Case Studies of Best Governance Practices" | 30.06.2025 | 02.06.2025 | Sudhir Kumar |



सर्वभूतहिते रताः

डॉ. आर.एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी
आर्डवेल कैम्प, नैनीताल – 263001
**Dr. R. S. Tolia Uttarakhand Academy of Administration**
**Ardwell Camp, Nainital - 263001**

Phone फोन : 235011
: 236068
: 236149
STD एसटीडी : 05942
E-Mail ई–मेल
directoracademy@hotmail.com